भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

मौखिक प्रश्न सं. 94#

गुरूवार, 10 फरवरी, 2022/21 माघ, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

वाराणसी में पर्यटन के लिए गंगा के किनारों को विकसित किया जाना

94# **श्रीमती सीमा द्विवेदीः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्राचीनतम शहर वाराणसी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए, गंगा के दोनों किनारों को विकसित करने हेतु सरकार की क्या योजना है और इसे कब तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है; और

(ख) क्या शहर की आबादी और घनी बसावट को देखते हुए, गंगा के दोनों किनारों पर पर्यटकों के ठहरने के लिए उत्तम व्यवस्था व सुगम आवागमन हेतु कोई योजना बनाई गई है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ख) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

*****

वाराणसी में पर्यटन के लिए गंगा के किनारों को विकसित किये जाने के संबंध में दिनांक 10.02.2022 के राज्य सभा मौखिक प्रश्न सं. 94# के भाग (क) से (ख) के उत्तर **विवरण**

(क) और (ख) : पर्यटन के विकास और संवर्धन के लिए वाराणसी में गंगा नदी पर पर्यटन मंत्रालय द्वारा अनुमोदित निर्माण कार्य निम्नलिखित है :

प्रशाद योजना :

- ''वाराणसी का विकास फेज-I'' परियोजना के अंतर्गत कैथी मार्कंडेय महादेव मंदिर में घाट का विकास कार्य पूरा हो गया है ।
- ''वाराणसी का विकास फेज - II'' परियोजना के अंतर्गत राजघाट से असी घाट तक घाटों पर प्रकाश व्यवस्था और ऑडियो सिस्टम का प्रावधान । घाटों पर प्रकाश व्यवस्था का कार्य पूरा हो गया है ।
- वर्ष 2017-18 में क्रूज पर्यटन के विकास की परियोजना । क्रूज बोट की सेवाएं शुरू हो गई हैं।

पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता संबंधी योजना :

- वर्ष 2017-18 में दशाश्वमेघ घाट से दरभंगा घाट, तुलसी मानस मंदिर में प्रकाश व्यवस्था - कार्य पूरा हो गया है ।
- वर्ष 2019-20 में रामनगर में जेट्टी का विकास

इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार ने काशी विश्वनाथ दर्शन तथा गंगा आरती दर्शन को आसान बनाने के लिए राज घाट पुल से रामनगर तक 8.15 किमी लंबी चार लेन वाली मॉडल सड़क के विकास संबंधी निर्माण कार्य को अनुमोदन प्रदान किया है । इस निर्माण कार्य में पर्यटकों और यातायात की अबाध आवाजाही के लक्ष्य से विश्वस्तरीय जन सुविधाओं के साथ खिड़किया घाट का विकास शामिल है ।

पर्यटन मंत्रालय ने वर्तमान में जारी अपनी किसी योजना के अंतर्गत वाराणसी में आवास सुविधाओं के लिए निधियां प्रदान नहीं की है ।

*****